



नवभारत
भोपाल, शनिवार ,14 मार्च, 2026


## एक नजर में



### शिवराज सिंह 15 मार्च को गुना दौरे पर

**गुना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी 15 मार्च 2026 को गुना जिले के प्रवास पर रहेंगे। उनके इस संक्षिप्त दौरे को लेकर प्रशासनिक और राजनैतिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 मार्च को गुना पहुँचेंगे, जहाँ वे विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। इन कार्यक्रमों के दौरान वे क्षेत्र के विकास और किसानों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा कर सकते हैं। स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करने के पश्चात वे गुना से सीधे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सूने मकान में सेंधमारी आभषूण ले उड़े बदमाश

**गुना।** हरिपुर रोड स्थित बूढ़े बालाजी क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के आभूषण और गृहस्थी के सामान पर हाथ साफ कर दिया है। चोरी की यह वारदात उस समय हुई जब फरियादी सूरज लोधा अपने पूरे परिवार के साथ विकास नगर में अपने साले की शादी में शामिल होने गए थे। 11 और 12 मार्च की दरमियानी रात चोरों ने सूने घर का फायदा उठाकर ताले चटकाए और इत्मीनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया। वारदात का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों को घर के पास एक लावारिस बैग पड़ा मिला, जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सूरज को दी।

# गुना शहर में 40 साल से वीरान पड़ा ट्रांसपोर्ट नगर

## कब्जे दिलाए, रोड डलवाई फिर भी शुरू नहीं हो सका ट्रांसपोर्ट नगर

**नवभारत न्यूज**

**गुना 13 मार्च का। शहर के अंदर वाहनों की रेलम-पेल रोकने के लिए करीब 40 साल पहले चिन्हित किए गए यातायात नगर में अब तक वीरानी पसरी हुई है। पिछले साल ट्रांसपोर्ट नगर में कलेक्टर और नगरपालिका द्वारा भू-खंड मालिकों को कब्जे दिलवाए और कई विकास कार्य भी हुए। इसके बाद ट्रांसपोर्ट संचालक यहां शिफ्ट नहीं हुए हैं। शहर में नपा द्वारा गोकुल सिंह चक और चिंताहरण मंदिर के बीच बनाया ट्रांसपोर्ट नगर (यातायात नगर) अब तक शुरू नहीं हो पाया।**

40 साल पूर्व इसे विकसित करने भूखंड आवंटित किए थे। लेकिन इसमें अब तक लोग शिफ्ट नहीं हो पाए। नपा ने 661 लोगों को भूखंड आवंटित किए हैं। 575 से अधिक भूखंड तो कौडियों के दाम बांट दिए गए। लेकिन नपा लोगों को यहां पर शिफ्ट नहीं कर पाई और ना ही उनके भूखंड निरस्त किए गए। भूखंड धारकों का तर्क है कि मौके पर सुविधाओं का अभाव है। सबसे ज्यादा चर्चा यहां सुरक्षा को लेकर रहती है। ट्रांसपोर्ट नगर शुरू न होने से आज भी एबी रोड पर वाहनों की मरम्मत आदि



का काम चल रहा है, जिससे कभी-कभी एबी रोड पर जाम भी लग जाता है। नपा ने सबसे पहले यहां 1986 में भूखंड आवंटित किया था। इसके बाद चार बार भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। लेकिन लोगों ने यहां पर ना तो अपने वर्कशॉप बनाए और ना ही अपने वाहन खड़े किए। नपा ने नगर बसाने बिजली, पानी, नाली और सड़क पर लाखों रुपए खर्च किए, लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पाया। उधर, वाहनों के शिफ्ट नहीं होने से बड़ी संख्या में वाहन एबी रोड किनारे ही खड़े किए जा रहे हैं। इस वजह से शहर में ट्रैफिक का दबाव रहता है। हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, तेलघानी पर जाम के हालात रहते हैं। लोगों को असुविधा होती है। बाजार में जाम के हालात रहते हैं।

**1986 से 2000 के बीच बांटे थे भूखंड**

नपा ने पहली बार भूखंड 1986 में बांटे। पहली बार कम लोग भूखंड लेने पहुंचे। 30 साल पहले यातायात नगर बेहद पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था। फिर सन् 1989, 1992, 1995 और 2000 में भूखंडों का आवंटन हुआ। लोगों को भूखंडों पर कब्जा दिलाए। दो साल पहले भी कवायद की गई थी, लेकिन इसके बाद भी लोग शिफ्ट नहीं हुए। इसका नतीजा है कि करोड़ों की कीमत वाला यह क्षेत्र वीरान पड़ा है।

**लोगों ने भूखंडों की राशि भी जमा नहीं की**

यातायात नगर शुरू नहीं होने से ट्रक और रोड लाईन्स का दबाव शहर में रहता है। शहरी क्षेत्र में रोड लाईन्स संचालित हैं। इसके अलावा ट्रकों को एबी रोड पर सड़क किनारे जगह-जगह रखे जा रहे हैं। संजय स्टेडियम में ही कई ट्रक रखे जाते हैं। इसी तरह नानाखेड़ी मंडी गेट से लेकर कुशमौदा औद्योगिक क्षेत्र तक कई जगह ट्रक खड़े किए जा रहे हैं। शहर में ट्रकों से हादसे हो रहे हैं। बिजली-पानी की दी थीं सुविधाएं: यातायात नगर विकसित करने नपा ने लाखों रुपए खर्च कर बिजली, पानी की व्यवस्था की थी। पानी के लिए टंकी का निर्माण कराया, लेकिन देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़कों और नाली का निर्माण कराया था, लेकिन नपा लोगों को यहां पर शिफ्ट नहीं करा पाई। उपयोग नहीं हो पाया। हालांकि कुछ समय पूर्व तत्कालीन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में कुछ भूखंड मालिकों ने राशि जमा की।

### रोड किनारे खड़े किए जा रहे वाहन

यातायात नगर शुरू नहीं होने से ट्रक और रोड लाईन्स का दबाव शहर में रहता है। शहरी क्षेत्र में रोड लाईन्स संचालित हैं। इसके अलावा ट्रकों को एबी रोड पर सड़क किनारे जगह-जगह रखे जा रहे हैं। संजय स्टेडियम में ही कई ट्रक रखे जाते हैं। इसी तरह नानाखेड़ी मंडी गेट से लेकर कुशमौदा औद्योगिक क्षेत्र तक कई जगह ट्रक खड़े किए जा रहे हैं। शहर में ट्रकों से हादसे हो रहे हैं। हाल ही में जिला प्रशासन ने शहर के कई इलाकों में नो एंट्री लागू कर दी है। लेकिन यातायात नगर को व्यवस्थित करना स्थाई समाधान के रूप में देखा जा रहा है, जिसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### इन कामों के लिए दिए थे भूखंड

ट्रांसपोर्ट नगर में 661 लोगों को भूखंड आवंटित किए थे। इनमें ढ़ाबा, गोदाम, वर्कशॉप, चाय होटल, पान दुकान, मैकेनिक, वेल्डिंग वर्क्स, आटो पार्ट्स, इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, एसटीडी और होटल आदि खोले जाना थे। लेकिन किसी भूखंड में नींव डली हुई है तो किसी का बना तो वह क्षतिग्रस्त हो गया। उधर, नगरपालिका ने 4 से 5 हजार रुपए लेकर लोगों के भूखंड बुक किए थे। लेकिन 34 साल बाद भी सभी की राशि जमा नहीं हो पाई है। 575 भूखंड तो महज 7500 रुपए से 35 हजार रुपए तक के हैं, जिनकी कीमत बाजार मूल्य से 5 प्रतिशत भी नहीं है। पुराने आगर-मुम्बई रोड किनारे बनाए गए इस यातायात नगर में व्यापारियों ने अपने अलावा दूसरों के नाम से भी भूखंड ले लिए थे। नगरपालिका गुना की सख्ती नहीं होने से न तो व्यापारियों ने राशि जमा कराई और ना ही भूखंडों का निर्माण हुआ।



## गन्ने की मशीन चुराने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कालापाठा क्षेत्र से गन्ने की मशीन (जुगाड़ गाड़ी) चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया माल बरामद कर लिया है।

मामले की जानकारी के अनुसार, कालापाठा निवासी फरियादी शैलेंद्र कुशवाह ने 1 मार्च 2026 को कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि 25 फरवरी की रात को उसके घर के बाहर खड़ी गन्ने की मशीन वाली जुगाड़ गाड़ी को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। पुलिस ने इस शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने मामले की तफ्तीश तेज की। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। निरंतर सूचना संकलन के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। बीती 12 मार्च को सटीक सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदेहियों को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शैरु कुशवाह (20 वर्ष) निवासी कालापाठा और अभिषेक कोरी (19 वर्ष) निवासी ग्राम पिपरिया के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गई जुगाड़ गाड़ी बरामद कर ली है, वहीं प्रकरण में फरार शेष आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## पिता का इलाज कराने आ रहे बेटे के साथ हाईवे पर लूट

**गुना।** गुना-शिवपुरी हाईवे पर बिलोनिया के पास बीती गुरुवार रात पांच नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे की नोंक पर लूट की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। शिवपुरी जिले के बीजरौनी गांव निवासी रवि ओझा अपने भाई और बीमार पिता ओमप्रकाश ओझा के साथ गुना के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए आ रहे थे। गंभीर हालत के चलते बुजुर्ग पिता और बड़े भाई सुनील ओझा कार से आगे निकल गए थे, जबकि रवि अपने एक अन्य साथी के साथ नई मोटरसाइकिल पर करीब 40 हजार रुपये नकद लेकर पीछे से आ रहे थे। रात करीब 11 बजे पाटई और बिलोनिया के बीच घात लगाकर बैठे पांच बदमाशों ने



चलती मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और रवि के सीने पर कट्टा अड़ाकर उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने हथियारों के दम पर रवि और उनके साथी से करीब 40 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल फोन और उनकी नई मोटरसाइकिल छीन ली, जिसे पीड़ित ने महज दो महीने पहले ही फाइनेंस कराया था।

लुटेरों द्वारा इलाज के लिए रखे पैसे छीन ले जाने के कारण परिजन अपने पिता का इलाज निजी अस्पताल में नहीं करा सके और मजबूरी में उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में विकास एवं उन्नयन समिति की बैठक संपन्न

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना में विश्वविद्यालय विकास एवं उन्नयन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिलों से आए गणमान्य नागरिक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने की। बैठक में कुलसचिव ए.के. मुगदल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कुलसचिव ए.के. मुगदल ने विश्वविद्यालय की स्थापना से



लेकर अब तक की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से आगामी एक वर्ष की रूपरेखा साझा की। कुलसचिव ने कुलगुरु के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद परीक्षाओं का सुचारु संचालन, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और योग्य अतिथि विद्वानों की चयन प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक किए गए हैं। समिति के समक्ष आगामी एक वर्ष का मिशन और विजन प्रस्तुत कर सदस्यों से बहुमूल्य सुझाव भी आमंत्रित किए गए। विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत विजन में मुख्य रूप से डिजिटाइजेशन, एकेडमिक और रिसर्च क्षेत्र में उत्कृष्टता, स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित पाठ्यक्रमों और उद्योग आधारित कार्यक्रमों पर जोर दिया गया। इसके अलावा अनुशासन, मानव संसाधन विकास और समय प्रबंधन को महत्वपूर्ण बिंदु माना गया। कुलसचिव ने कैंपस में एआई आधारित तकनीकों के उपयोग पर भी विचार व्यक्त किए, जिससे विश्वविद्यालय की गतिविधियों में पारदर्शिता और कुशलता लाई जा सके।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का तीन दिवसीय तूफानी दौरा आज से

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 14 मार्च से 16 मार्च 2026 तक गुना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले के विकास के लिए करोड़ों की सौगातें देंगे, जनसमस्या निवारण शिविरों में नागरिकों से संवाद करेंगे और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण व निरीक्षण करेंगे।



भ्रमण के पहले दिन, 14 मार्च को प्रात: 10:40 बजे ज्योतिरादित्य सिंधिया डाइट भवन, बजरंगगढ़ में आयोजित जनसंपर्क एवं जनसमस्या निवारण शिविर में शिरकत करेंगे और नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे। दोपहर 01:20 बजे वे जलसा गार्डन में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 03:00 बजे कोंतर आगमन पर प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण और कोंटर (श्यामपुर) में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे। शाम 05:00 बजे वे आरी (उमरी गाँव) में समृद्ध ग्राम योजना का शुभारंभ करेंगे और आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। यहाँ वे बमोरी विधानसभा क्षेत्र के लिए टढफफऊउ की 10 नई सड़कों का लोकार्पण भी करेंगे। दिन के अंत में शाम 06:30 बजे कलेक्ट्रेट में 'दिशा' की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे और तत्पश्चात पत्रकारों से चर्चा करेंगे। भ्रमण के दूसरे दिन, 15 मार्च को प्रात: 10:25 बजे म्याना स्थित पंचायत विभाग के जिला प्रशिक्षण केंद्र और 10:55 बजे सिविल अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। सुबह 11:15 बजे म्याना के हायर सेकेंडरी स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। दोपहर में चंदेरी (अशोकनगर) प्रवास के बाद वे पुन: शाम 07:15 बजे गुना जिला चिकित्सालय पहुँचकर नवनिर्मित क्रिटिकल केयर यूनिट का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त वे गुना रेलवे स्टेशन और सकतपुर में अमृत योजना के तहत बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण व लोकार्पण कर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रवास के अंतिम दिन, 16 मार्च को सुबह 11:40 बजे ज्योतिरादित्य सिंधिया फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का दौरा करेंगे। यहाँ वे संस्थान के विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात दोपहर 12:30 बजे वे जिला शिवपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## गोविंद सिंह राजपूत आज रहेंगे गुना प्रवास पर

**गुना।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 14 मार्च 2026 को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। उनके इस दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत अपने इस प्रवास के दौरान केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ जिले में आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। इस दौरान वे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और जिले में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी लेंगे।

## सिरफिरे आशिक का जिला अस्पताल में हाईवोल्टेज ड्रामा

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** एक सिरफिरे और मनचले युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर नाबालिग छात्रा छत से गिरकर घायल हो गई। इसके बावजूद युवक की हरकतें खत्म नहीं हुई, आरोपी ने अपने साथियों के साथ जिला अस्पताल पहुँचकर चाकू की नोंक पर उत्पात मचाया और घायल छात्रा को जबरन साथ ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर छात्रा के पिता के साथ मारपीट भी की गई है।

जानकारी सामने आई है कि सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बूढ़े बालाजी स्थित ताजिया मैदान के पास रहने वाला एक युवक पिछले काफी समय से नाबालिग छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। छात्रा की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन आरोपी आए दिन घर आकर उसे और उसके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी की धमकियों से तंग आकर छात्रा ने घर की छत से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दहशत का सिलसिला यहीं नहीं थमा। जब छात्रा अस्पताल में उपचाररत थी, तब आरोपी अपने दो साथियों के साथ वहाँ पहुँच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ने जेब से चाकू निकालकर अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। उसने घायल नाबालिग को अपने साथ ले जाने की जिद की और परिजनों को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने छात्रा के पिता के साथ मारपीट भी की, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़िता की माँ का आरोप है कि इस प्रताड़ना के संबंध में वे दो बार पुलिस से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस आरोपी पर नकेल कसती, तो आज उनकी बेटी अस्पताल के बिस्तर पर नहीं होती। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस की सुस्ती को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।





## तेलघानी चौराहे पर तीन ट्रैक्टरों की 'रेलगाड़ी' ने रोका रास्ता, लगा लंबा जाम

**गुना।** शहर के व्यस्ततम ए.बी. रोड स्थित तेलघानी चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक साथ टोचन किए गए तीन ट्रैक्टर अचानक बीच सड़क पर रुक गए। जयस्तंभ चौराहे से हनुमान चौराहे की ओर जा रहे इन ट्रैक्टरों के कारण यातायात बाधित हुआ और करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। राहगीरों के बीच यह नजारा चर्चा का विषय बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रैक्टर आगे चल रहा था जो पीछे बंधे दो अन्य क्षतिग्रस्त ट्रैक्टरों को खींचकर ले जा रहा था। जैसे ही यह 'ट्रैक्टरों की रेलगाड़ी' तेलघानी चौराहे की चढ़ाई पर पहुँची, सबसे पीछे वाले ट्रैक्टर की टोचन अचानक टूट गई। भारी वजन और चढ़ाई के कारण ट्रैक्टर को जोरदार झटका लगा और वह वहीं थम गया। इस दौरान ड्राइवर और हेल्पर आनन-फानन में टोचन सुधारने में जुट गए, लेकिन तब तक सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। शहर के मुख्य मार्गों से इस तरह असुरक्षित तरीके से वाहनों को ले जाने से बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गनीमत रही कि टोचन टूटने के समय पीछे कोई अन्य वाहन एकदम सटा हुआ नहीं था, अन्यथा अनहोनी हो सकती थी। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद जब ट्रैक्टरों को वहां से हटाया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

**कार्रवाई** — 13 घरेलू सिलेंडर जब्त, सरकारी कार्य में बाधा डालने पर प्रकरण

# रसोई गैस की किल्लत के बीच प्रशासन का कड़ा प्रहार

**नवभारत न्यूज**

**गुना। रसोई गैस के संकट और कालाबाजारी की शिकायतों के बीच गुना जिला प्रशासन ने अवैध रिफिलिंग और घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार जिले में आम जनता को गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने और व्यावसायिक दुरुपयोग रोकने के लिए चलाए गए अभियान में 13 घरेलू गैस सिलेंडर और एक कमर्शियल सिलेंडर जब्त कर 5 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं।**

जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में जांच दल ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी। जगदीश कॉलोनी स्थित अग्रवाल स्वीट्स से व्यावसायिक उपयोग किए जा रहे 2 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं, आरोन स्थित रोहित प्रो.



स्टोर के निरीक्षण के दौरान बड़ी अनियमितता सामने आई। यहाँ से 8 घरेलू सिलेंडर, 1 कमर्शियल सिलेंडर, आधा हॉर्स पावर की गैस रिफिलिंग पंप मोटर और 6 रिफिलर नोजल बरामद किए गए। संचालक रोहित जैन ने स्वीकार किया कि बिना किसी लाइसेंस के मोटर के जरिए गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था।

कार्रवाई का दायरा चांचौड़ा क्षेत्र तक भी पहुँचा, जहाँ मुस्कान एम मर्चेंट (बीनागंज), बालाजी किराना स्टोर (नेशनल हाईवे) और बाबा महाकाल चाय कॉफी हाउस (बीनागंज) से एक-एक सिलेंडर जब्त कर प्रकरण तैयार किए गए। इन सभी संचालकों के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

**दुकानदार ने की टीम से अभद्रता**

जांच के दौरान चांचौड़ा में प्रशासन को विरोध का सामना भी करना पड़ा। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवराम सिंह कुशवाह की टीम जब कार्रवाई कर रही थी, तब आशिक खान और आसिफ खान नामक व्यक्तियों ने शासकीय कार्य में व्यवधान डाला और जांच दल को रोकने का प्रयास किया।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना चांचौड़ा में दोनों आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**निरंतर जारी रहेगा अभियान**

जांच दल में आशीष चतुर्वेदी और वर्षा बडोनिया सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि रसोई गैस की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वालों और घरेलू गैस का अवैध उपयोग करने वालों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## फसल बचाने का विरोध करने पर किसान पर जानलेवा हमला, लट्ठों से की मारपीट

**गुना।** सिरसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुआटोर में रंजिश के चलते एक किसान पर पिता-पुत्र द्वारा बेरहमी से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में 45 वर्षीय किसान धन सिंह भिलाला गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित धन सिंह भिलाला सुबह अपने खेत पर गेहूं की फसल देखने और बैलों को चराने के लिए गया था। इसी दौरान उन्होंने देखा कि पड़ोसी किसान के मवेशी उनकी गेहूं की फसल को नुकसान पहुँचा रहे हैं। जब धन सिंह ने इसका विरोध किया, तो पड़ोसी किसान और उनके बीच तीखी बहस हो गई। विवाद बढ़ने के बाद पीड़ित शांत होकर अपने घर लौट आया था। रंजिश को मन में पाले बैठे आरोपी पिता-पुत्र ने दोपहर करीब 1:00 बजे उस समय हमला किया, जब धन सिंह दोबारा अपने बैल खोलने के लिए खेत पर पहुँचा था। आरोपियों ने लट्ठों से धन सिंह पर जमकर प्रहार किए, जिससे उन्हें शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुँची और लहूलुहान अवस्था में किसान को जिला अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इधर, सिरसी थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर आरोपियों के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।